# University in News on 02 June 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

# लविवि में बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ विवि ने बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बीएड प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव को पत्र भेजकर उनके अंतर्गत आने वाले जिलों का ब्यौरा मांगा है ताकि परीक्षा आयोजन व पर्यवेक्षक तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो सके।

लॉकडाउन की वजह से अभी तक बीएड प्रवेश परीक्षा की तारीख तय नहीं की गई है। प्रदेश के बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी इस बार लविवि को दी गई है।

लॉकडाउन की वजह से लविवि प्रवेश परीक्षा के आयोजन की तारीख दो बार बढ़ा चुका था। इसके बाद विवि ने कोई तारिख घोषित नहीं की थी। शासन के निर्देश के बाद लविवि प्रशासन ने एक बार फिर से प्रवेश परीक्षा आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। शासन ने विभिन्न जनपद के प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची लविवि को उपलब्ध करा दी है।



### किसानों से होनी चाहिए सीधी खरीद

लखनऊ।कोरोना संक्रमण की वजह से आज देश आर्थिक संकट से जूझ रहा है। भारत एक कृषि प्रधान देश है। संकट के इस दौर में किसानों से उनकी उपज की सीधी खरीद करके इस क्षेत्र की स्थिति ठीक की जा सकती है। बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डवलपमेंट की निदेशक टीएस राजी गेन ने लविवि के कॉमर्स संकाय की ओर से आयोजित वेबिनार में यह बात कही। टीएस राजी गेन ने कहा कि उत्पादन और मार्केटिंग के साथ ही तरलता इस समय की बड़ी चुनौती है। आत्मनिर्भर भारत के साथ ही ई-नम जैसी योजनाओं से किसानों का भला होगा। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन ने उनको धन्यवाद दिया।

## NBT Page 6

# एलयू में जुलाई में परीक्षा करवाने की तैयारी!

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लॉकडाउन के पांचवें चरण में भी अभी स्कूल व कॉलेजों के खुलने को लेकर किसी तरह के निर्देश नहीं आए हैं। ऐसे में एलयू में स्टूडेंट्स की बेचैनी बढ़ती जा रही है। इसे देखते एलयू ने सोमवार को परीक्षा परीक्षा आयोजित करवाने को लेकर मीटिंग बुलाई, लेकिन उसमें भी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया। वहीं इसी बीच एलयू प्रशासन ने एक से 30 जून तक ग्रीष्म अवकाश घोषित कर दिया है। ऐसे में परीक्षा जुलाई में हो सकती है।

**परीक्षा को लेकर स्टूडेंट्स हो रहे हैं परेशान**

एलयू में शिक्षकों का कहना है कि कोई भी वेबिनार या ऑनलाइन क्लास होती है तो स्टूडेंट्स परीक्षा कब होगी कैसे होगी ये सवाल बहुत पूछते हैं। इन्हीं सब बातों को देखते हुए एलयू में परीक्षा को लेकर सोमवार को एलयू के प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक की गई। जिसमें परीक्षा को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। कुलपति आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में मंगलवार को दोबारा प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होगी।

## AMRIT VICHAR Page 2

# बीटेक की 362 सीटों पर दाखिला लेगा लविवि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीटेक, एमबीए, एमसीए की सीटों का ब्योरा जारी कर दिया है। विवि के अधिकारियों ने बताया कि इस बार बीटेक की 362 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। इस बार एमबीए, एमसीए व बीटेक में दाखिले राज्य प्रवेश परीक्षा के आधार पर लिये जाने हैं, ऐसे में पहले ही विवि ने सीटों की संख्या जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव देर से जाने की वजह से ब्रोशर में लविवि का नाम नहीं है। काउंसलिंग से पहले लविवि का नाम भी जुड़ जाएगा। प्रो. अनिल मिश्र ने बताया कि एमबीए के साथ एमसीए व मास्टर इन टूर एंड ट्रैवल कोर्स में दाखिले भी एसईई के जरिए होंगे। इस बार राज्य प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की रविवार को अंतिम तिथि थी। देर शाम तक 1 लाख 78 हजार 795 छात्रों ने पंजीकरण कराया।